कन्वेंशन सेंटर के फिर से टेंडर बुलाएगा आईडीए

नव भारत न्यूज

इंदौर. आईडीए शहर के पश्चिम क्षेत्र में कन्वेंशन सेंटर और प्रदर्शनी हॉल निर्माण के लिए फिर से टेंडर बुलाएगा. इसका कारण यह है कि पहले टेंडर में किसी कंपनी ने भाग नहीं लिया. टेंडर में भाग नहीं लेने के पीछे निविदा शर्तों में कंपनियों को 6 हेक्टेयर जमीन की दर बहुत ज्यादा लगी थी. आईडीए ने गलती मानते हुए टेंडर में दरों कम कर फिर से टेंडर बुलाने की तैयारी शुरू कर दी है.

आईडीए ने अपनी बहुप्रतीक्षित योजना 10 हजार सीटों वाला कन्वेंशन सेंटर और प्रदर्शनी हॉल निर्माण कार्य करने के लिए फिर से टेंडर जारी बुलाएगा. इसके पूर्व आईडीए ने उक्त योजना के लिए तीन माह पहले निविदा

दरों को किया जाएगा कम

जारी की थी, जिसकी अंतिम तारीख 19 जून थी. 22 जून को टेंडर खोलने पर किसी भी कंपनी और रियल एस्टेट एजेंसी ने निविदा में रुचि नहीं ली थी. ध्यान रहे कि आईडीए की एयरपोर्ट के पास गांधीनगर चौराहे पर 17 हेक्टेयर जमीन पर कन्वेंशन सेंटर बनाने की योजना प्रस्तावित है. इसके तहत 6 हेक्टेयर पर कन्वेंशन सेंटर का निर्माण और बाकी जगह पर रिसोर्ट, होटल, रेस्त्रां और पार्किंग स्थल विकसित किया जाना है. आईडीए द्वारा टेंडर फार्म की कीमत 1.18 लाख और सुरक्षा निधि 3,0 करोड़ तय की गई थी. टेंडर के साथ 2.75 करोड़ रुपए जमा करके भाग लेने की शर्त रखी गई है. साथ में 3 करोड़ रुपए सुरक्षा निधि भी जमा करना थी. टेंडर में भाग लेने वाली कंपनियों की प्री बीड बैठक आईडीए में 21 अप्रैल को हुई थी. इसके बाद 21 मई को दो कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सीईओ के साथ चर्चा की थी. 19 जून को टेंडर जमा करने की अंतिम तारीख रखी गई थी. 22 जून को टेंडर खोलने पर किसी भी कंपनी और एजेंसी ने निविदा में भाग नहीं लिया. आईडीए ने उक्त योजना को पीपीपी मॉडल पर निर्माण की अनुमानित लागत 545.77 करोड़ रुपए मानी गई है और इसमें लीज राशि 365.70 करोड़ रुपए है. तीन साल निर्माण कार्य समय भी लीज समय सीमा में शामिल होने की शर्त भी रखी गई थी.

बदलाव कर फिर जारी करेंगे टेंडर

बताया जा रहा है कि आईडीए की 6 हेक्टेयर के लिए लीज राशि 365 करोड़ रुपए बहुत ज्यादा होने से कंपनियों ने टेंडर में भाग नहीं लिया. आईडीए ने उक्त राशि कम करने और शर्तों में भी कुछ बदलाव करके फिर से टेंडर जारी करने का निर्णय लिया है. इसकी पुष्टि आईडीए सीईओ डॉ परीक्षित झाड़े ने की है..

नामांतरण घोटाले में उपायुक्त को हटाया

इंदौर. नगर निगम का चर्चित नामांतरण घोटाले में मंगलवार को आयुक्त ने राजस्व प्रभारी उपायुक्त को हटा दिया है. उनके स्थान पर गरिमा पाटीदार को प्रभार सौंपा गया है. पिछले दिनों नगर निगम में नामांतरण घोटाला पकड़ में आया था, जिसमें तीन घंटे में 360 से ज्यादा संपत्तियों के नाम बदल दिए गए. इसके खुलासा होने पर निगम को बड़ा झटका लगा, जब नामांतरण होने के बाद सौ से ज्यादा रजिस्ट्रियों हो गई. नगर निगम में उक्त घोटाले की जांच चल रही है और समिति गठित कर दी है. आज आयुक्त क्षितिज सिंघल ने राजस्व विभाग के प्रभारी एवं उपयुक्त केएस सगर को विभाग से हटा दिया. उनके स्थान पर गरिमा पाटीदार को को राजस्व विभाग का प्रभार सौंपा गया है. उपयुक्त सगर को स्टोर और स्थापना का प्रभार दिया गया है.

20 दिन बाद भी नहीं हुआ तबादला आदेश का पालन जिला परियोजना समन्वयक का पदभार अटका

शासन ने इंदौर से अनूपपुर और देवास से इंदौर तबादला किया, लेकिन कार्यभार हस्तांतरण में देरी से उठ रहे सवाल

नवभारत न्यूज

इंदौर. मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत जिला परियोजना समन्वयकों के तबादला आदेश जारी किए हुए 20 दिन से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक आदेश का पूर्ण पालन नहीं हो सका है. इसके चलते जिला शिक्षा केन्द्र इंदौर में प्रशासनिक स्थिति असमंजस में बनी हुई है.

शासन के आदेश के अनुसार जिला परियोजना समन्वयक इंदौर संजय कुमार मिश्रा का स्थानांतरण जिला शिक्षा केन्द्र अनुपपुर किया गया था, जबकि देवास में पदस्थ अजय कुमार मिश्रा को जिला परियोजना समन्वयक इंदौर की जिम्मेदारी सौंपी गई है. बावजूद इसके सूत्रों के अनुसार अब तक इंदौर में कार्यभार का हस्तांतरण नहीं हो पाया है. बताया जा रहा है कि संजय कुमार मिश्रा को अभी तक इंदौर से कार्यमुक्त (रिलीव) नहीं किया गया है. इसके कारण अजय कुमार मिश्रा भी नए पद का कार्यभार ग्रहण नहीं कर पा रहे हैं। इससे शासन के तबादला आदेश के पालन पर सवाल उठने लगे हैं. शिक्षा विभाग में जिला परियोजना समन्वयक का पद महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ प्रभावशाली माना जाता है. ऐसे में तबादला आदेश के बावजूद लंबे समय तक पदभार नहीं सौंपे जाने को लेकर विभागीय गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं. यह भी सवाल उठ रहे हैं कि जब शासन ने तत्काल प्रभाव से आदेश लागू करने के निर्देश दिए हैं, तब उनके पालन में देरी क्यों हो रही है.

वरिष्ठ अधिकारियों पर निगाहें

अब निगाहें विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों पर हैं कि वे शासन के आदेश का पालन कब सुनिश्चित कराते हैं और नए अधिकारी को जिला परियोजना समन्वयक इंदौर का विधिवत कार्यभार कब सौंपा जाता है.

अनफिल्टर्ड प्यार ने दिया रिश्तों और वास्तविक खुशियों का संदेश

डिजिटल जीवनशैली पर सोशल मीडिया की उलझन पर आधारित नाटक का मंचन

इंदौर. डिजिटल जीवनशैली पर सोशल मीडिया की उलझन पर आधारित नाटक अनफिल्टर्ड प्यार का प्रेस्टीज कॉलेज ऑडिटोरियम में सफल मंचन किया गया.

नाटक में युवा कपल के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि जीवन की असली खुशी स्क्रीन पर नहीं, बल्कि अपने परिवार और प्रियजनों के साथ बिताए गए पलों में है. अभिनव रंगमंडल एवं पीआईएमआर डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी की संयुक्त प्रस्तुति में अनफिल्टर्ड प्यार को दर्शकों ने खूब सराहा. कलाकारों के सहज अभिनय, प्रभावशाली संवाद और सशक्त मंचन ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा. नाट्य प्रस्तुति के लेखक अंकित दास, निर्देशक डॉ. योगेन्द्र चौबे, प्रशिक्षक रणधीर कुमार और कार्यशाला निदेशक शरद शर्मा रहे। कार्यक्रम के दौरान अभिनव रंगमंडल द्वारा प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च के कुलाधिपति डॉ. डेविश जैन को कला और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए कला शिक्षा रत्न अलंकरण से सम्मानित किया गया.

कार्यक्रम में शिक्षकों, विद्यार्थियों, रंगकर्मियों, अतिथियों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा कला प्रेमियों की उपस्थिति रही. कार्यक्रम के अंत में अभिनव रंगमंडल ने रंगमंच के संरक्षण, युवा कलाकारों के प्रशिक्षण और सार्थक नाट्य प्रस्तुतियों के लिए प्रेस्टीज परिवार के प्रयासों की सराहना भी की.

यात्रियों को राहत, दो स्पेशल ट्रेनों का संचालन अगस्त तक बढ़ा

इंदौर. पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती संख्या और सुविधा को ध्यान में रखते हुए लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर)-श्रीगंगानगर तथा हिसार-वलसाड के बीच विशेष किराये पर संचालित साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों के फेरों की अवधि बढ़ा दी है. इससे इन मार्गों पर यात्रा करने वाले यात्रियों को आगामी दिनों में अतिरिक्त सुविधा मिलेगी. रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या 04736 लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर)-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल का संचालन अब 14 अगस्त 2026 तक किया जाएगा, जबकि वापसी में ट्रेन संख्या 04735 श्रीगंगानगर-लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर) साप्ताहिक स्पेशल 13 अगस्त 2026 तक चलेगी. इसी तरह ट्रेन संख्या 04727 हिसार-वलसाड साप्ताहिक स्पेशल 12 अगस्त 2026 तक तथा ट्रेन संख्या 04728 वलसाड-हिसार साप्ताहिक स्पेशल 13 अगस्त 2026 तक संचालित होगी. रेलवे ने यात्रियों को सलाह दी है कि यात्रा से पहले ट्रेन के संचालन, कोच संरचना तथा अन्य अद्यतन जानकारी भारतीय रेलवे की आधिकारिक पूछताछ वेबसाइट, रेल मदद ऐप या रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 के माध्यम से अवश्य प्राप्त कर लें. यह संस्करण प्रेस विज्ञप्ति की भाषा से हटकर स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाली सामान्य समाचार रिपोर्ट की शैली में है.

छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया

नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में प्रतियोगिताएं आयोजित

नवभारत न्यूज

इंदौर. शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किला भवन में मंगलवार को 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता सहित विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था.

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.डी. श्रीवास्तव के संरक्षण, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी.पी. बैरागी के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम संयोजक प्रो. सुधीर कुमार छारी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस विभाग की ओर से डीएसपी आशा सेजकर, निरीक्षक शहनाज बानो, उपनिरीक्षक आशीष शर्मा सहित पुलिस अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे. अधिकारियों ने छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वयं नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया. इस दौरान आयोजित निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशामुक्त समाज की आवश्यकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए. प्रतियोगिता के सफल संचालन में डॉ. नेहा गुप्ता एवं प्रो. सादिक खान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. प्राचार्य डॉ. बी.डी. श्रीवास्तव ने कहा कि नशामुक्त युवा ही स्वस्थ, सशक्त और विकसित भारत की आधारशिला हैं. वहीं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी.पी. बैरागी ने दैनिक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया. कार्यक्रम में छात्राओं ने स्लोगन प्रस्तुत कर भी नशामुक्ति का संदेश दिया.

ये रहे विजेता...

निबंध प्रतियोगिता में कु. शिखा लोधी ने प्रथम, कु. दुर्गा शर्मा ने द्वितीय तथा कु. अनन्या भदौरिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. विजेताओं को डीएसपी आशा सेजकर, निरीक्षक शहनाज बानो एवं उपनिरीक्षक आशीष शर्मा ने मेडल और प्रमाण-पत्र प्रदान किए, जबकि सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र दिए गए. कार्यक्रम के अंत में संयोजक प्रो. सुधीर कुमार छारी ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए छात्राओं से अपने परिवार और समाज में भी नशामुक्ति का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया.

डीएवीवी में सीयूईटी कर्मचारी कोटे से प्रवेश प्रक्रिया शुरू

इंदौर. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय डीएवीवी ने सीयूईटी (यूजी)-2026 के अंतर्गत कर्मचारी कोटे से प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय के आदेश के अनुसार कर्मचारियों, अधिकारियों, शिक्षकों और उनके आश्रितों को कर्मचारी कोटे के तहत प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए सीयूईटी (यूजी)-2026 परीक्षा देना अनिवार्य होगा. प्रवेश के लिए वही अभ्यर्थी पात्र होंगे, जिन्होंने एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीयन पूरा किया है. अभ्यर्थियों को डीएवीवी की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र में जानकारी भरकर सीयूईटी (यूजी)-2026 की मार्कशीट और एमपी ऑनलाइन पंजीयन की रसीद संलग्न कर आईआईपीएस में जमा करना होगी. आवेदन जमा करने का समय सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। आवेदन की अंतिम तिथि 27 जुलाई 2026 है. आवेदन जमा करने के बाद अभ्यर्थियों को उसकी प्रतिलिपि पर आवक संख्या प्राप्त करना अनिवार्य होगा. विश्वविद्यालय ने बताया कि काउंसलिंग की समय-सारिणी डीएवीवी की वेबसाइट पर जारी की जाएगी. अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि और समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होना होगा.

एक नजर में

आदित्य गोस्वामी का किया स्वागत

इंदौर. वृन्दावन के राधा रमण मंदिर के सेवायत गोस्वामी परंपरा से जुड़े युवा कथाव्यास, भजन गायक एवं श्रीमद भागवत कथा के श्रीगुरु आदित्य गोस्वामी महाराज का इंदौर आगमन हुआ. शुभ सिटी में भक्तों ने उनका भावपूर्ण स्वागत किया. इस दौरान मीडिया से चर्चा में उन्होंने गुरु के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए. आदित्य गोस्वामी महाराज ने कहा कि जीवन में गुरु का स्थान सर्वोपरि है. गुरु दो प्रकार के होते हैं- शिक्षा गुरु और दीक्षा गुरु. शिक्षा गुरु अनेक हो सकते हैं, लेकिन दीक्षा गुरु एक ही होता है, जो साधक को आध्यात्मिक मार्ग पर आगे बढ़ाते हुए परमात्मा से जोड़ता है. आज का इंसान भौतिक सुख-सुविधाओं और मोह-माया में इतना उलझ गया है कि वह अपने वास्तविक स्वरूप और जीवन के उद्देश्य को भूलता जा रहा है. ऐसे समय में गुरु ही जीवन में जागरण का दीप प्रज्वलित करते हैं.

बीएमडब्ल्यू ने सबसे ज्यादा बिक्री दर्ज की

इंदौर. बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया लगातार डबल डिजिट ग्रोथ के साथ अपना शानदार परफोर्मेन्स जारी रखे हुए है. इस साल जनवरी से जून के बीच, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने 9,075 कारें बेचीं, जिसमें साल-दर-साल 17% से ज़्यादा की ग्रोथ दर्ज की गई. कैलेंडर वर्ष की दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून) कंपनी ने 4,507 कारें डिलीवर कीं, जो +17% की सालाना ग्रोथ को दिखाता है. इस अवसर पर हरदीप सिंह ब्रार, प्रेसिडेंट और सीईओ, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा वर्ष 2026 के पहले छह महीनों में, चुनौतीपूर्ण बाजार परिस्थितियों के बावजूद बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने अब तक की अपनी सर्वाधिक बिक्री दर्ज की है. यह उपलब्धि हमारे ग्राहकों द्वारा हमारे ब्रांड्स पर जताए गए गहरे विश्वास का प्रमाण है. इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर हमारा निरंतर फोकस सफल रहा है और आज लक्ज़री ईवी सेगमेंट में बीएमडब्ल्यू ग्राहकों की पहली पसंद बन चुका है. हमारी कस्टमर-सेंट्रिक प्रोडक्ट स्ट्रैटेजी भी लगातार बेहतर परिणाम दे रही है, जिसे हमारे एग्जीक्यूटिव लॉन्ग व्हीलबेस और डायनामिक स्पोर्ट्स एक्टिविटी व्हीकल्स की बढ़ती मांग से स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है.

जी5 लाया है बच्चों के लिए नई सौगात

इंदौर. जी5 पर बच्चों को बिना किसी चिंता के सुरक्षित, मज़ेदार और उनके पसंदीदा वीडियो उपलब्ध कराने वाले किड्ज़ ने सदियों पुरानी कहानी पर आधारित एक नए एनिमेटेड शो, शिवलोक के कुंडक्का मंडक्का (एसकेएम) के लॉन्च के साथ बच्चों के कंटेंट पोर्टफोलियो को और मज़बूत किया है. जाने-माने लेखक, आनंद नीलकंठन की बच्चों के लिए लिखी गई और सबसे ज्यादा बिकने वाली किताब द वेरी, एक्सट्रीमली, मोस्ट नॉटी असुरा टेल्स फॉर किड्स पर आधारित शिवलोक के कुंडक्का मंडक्का के जरिए पुराणों कि उस दुनिया को स्क्रीन पर पेश किया गया है. लॉन्च के मौके पर चंदन खंडेलवाल, बिज़नेस हेड, किड्ज, ज़ी5 ने अपनी राय जाहिर करते हुए कहा शिवलोक के कुंडक्का मंडक्का के ज़रिए हम परिवारों को पुराणों की जानी-पहचानी कहानियों से आगे ले जाकर एक ऐसी नई दुनिया की सैर कराना चाहते हैं, जो यादगार किरदारों, हंसी-मज़ाक, रोमांच और अच्छे संस्कारों से भरपूर है. शिवलोक के कुंडक्का मंडक्का के ज़रिए, हम पुराणों की कहानियों की खूबसूरती को बेहतरीन एनिमेशन और एक मज़ेदार कहानी के साथ मिलाकर पेश कर रहे हैं. इससे बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ एक अच्छी सीख भी मिलती है, जिससे यह सीरीज बच्चों और माता-पिता के लिए साथ बैठकर देखने का एक बेहतरीन विकल्प बन जाती है.

जल शुद्धिकरण से जुड़े मिथक जो स्वास्थ्य खतरे में डाल सकते हैं

इंदौर. यूरेका फोर्ब्स के चीफ वॉटर साइंटिस्ट डॉ. अनिल कुमार के अनुसार आज हम पहले की तुलना में अपने स्वास्थ्य को लेकर कहीं अधिक जागरूक हो गए हैं. हम खाद्य पदार्थों के लेबल पढ़ते हैं, अधिक स्वास्थ्यवर्धक सामग्री चुनते हैं और सोच-समझकर जीवनशैली से जुड़े निर्णय लेते हैं. लेकिन जब बात पीने के पानी की आती है, तो हममें से कई लोग अब भी उन मान्यताओं पर भरोसा करते हैं जो वर्षों से चली आ रही हैं, बिना यह परखे कि वे वास्तव में सही हैं या नहीं. जल गुणवत्ता और शुद्धिकरण का दशकों तक अध्ययन करने के दौरान मैंने अक्सर पाया है कि सबसे बड़ी चुनौती केवल पानी का दूषित होना नहीं है, बल्कि उससे जुड़ी गलत धारणाएँ भी हैं. ये मिथक हैं अगर पानी साफ दिखाई देता है, तो वह सुरक्षित भी होगा, पानी उबालने से पानी की गुणवत्ता से जुड़ी हर समस्या का समाधान हो जाता है, एक बार वॉटर प्यूरीफायर खरीद लेने के बाद आप पूरी तरह सुरक्षित हो जाते हैं, हर रिप्लेसमेंट फिल्टर एक जैसा काम करता है, कम टीडीएस का मतलब बेहतर पीने का पानी होता है, बोतलबंद पानी हमेशा अधिक सुरक्षित विकल्प होता है, वॉटर प्यूरीफायर को नियमित रखरखाव की आवश्यकता नहीं होती और पानी की सुरक्षा केवल मानसून के दौरान ही चिंता का विषय होती है.

विदेशी भाषाएं : बेहतर कॅरियर और वैश्विक अवसरों की नई चाबी

इंदौर. आज दुनिया पहले से कहीं अधिक जुड़ी हुई है. पढ़ाई हो, नौकरी हो या व्यवसाय—अब अवसर केवल अपने शहर या देश तक सीमित नहीं हैं. ऐसे समय में विदेशी भाषाएँ सीखना सिर्फ एक अतिरिक्त योग्यता नहीं, बल्कि बेहतर भविष्य की मजबूत तैयारी है.

रेउसी एकेडमी ऑफ लैंगुएज की संस्थापक व निदेशक सुगंधा मिश्रा ने बताया कि फ्रेंच, जर्मन, स्पैनिश, जापानी, कोरियन और मंदारिन जैसी भाषाएँ सीखकर विद्यार्थी और प्रोफेशनल्स दुनिया के कई देशों में नए अवसर पा सकते हैं. नई भाषा सीखना केवल बोलना सीखना नहीं है, बल्कि उस देश की संस्कृति, लोगों की सोच और काम करने के तरीके को समझना भी है. इससे आत्मविश्वास बढ़ता है, संवाद बेहतर होता है और नए माहौल में खुद को आसानी से ढालने की क्षमता विकसित होती है. विदेश में पढ़ाई करने की योजना बना रहे विद्यार्थियों के लिए विदेशी भाषा एक बड़ा लाभ साबित हो सकती है. फ्रांस, जर्मनी, स्पेन और जापान जैसे देशों में स्थानीय भाषा का ज्ञान विश्वविद्यालय में पढ़ाई को आसान बनाता है।

इससे छात्रवृत्ति, पार्ट-टाइम नौकरी, इंटर्नशिप और पढ़ाई पूरी होने के बाद अच्छे रोजगार के अवसर भी बढ़ जाते हैं. कई देशों में लंबे समय तक काम करने और बसने के लिए भी भाषा का ज्ञान अतिरिक्त लाभ देता है. विदेशी शिक्षा एवं करियर काउंसलर मीनाक्षी जोशी का कहना है कि विदेश जाने की तैयारी में भाषा सीखना शुरुआती चरण से ही शामिल करना चाहिए, क्योंकि इससे पढ़ाई और करियर- दोनों में आगे बढ़ने के अवसर बढ़ जाते हैं. मेरा अनुभव है कि विदेशी भाषा केवल एक विषय नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, वैश्विक सोच और बेहतर करियर का माध्यम है।

स्टेट स्नूकर चैंपियनशिप : अनुज, गौरव, निखिल व ओवेश अगले राउंड में पहुंचे

इंदौर. नेहरू स्टेडियम में खेली जा रही 40वीं एमपी स्टेट स्नूकर चैंपियनशिप के दूसरे दिन कांटे के मुकाबले खेले गए. खिलाड़ी अनुज वर्मा, गौरव टंडन, निखिल दरियानी और ओवेश खान ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले दौर में जगह पक्की कर ली है. अनुज वर्मा ने अक्षय जैन को हराया। गौरव टंडन ने प्रतिक शर्मा को शिकस्त दी. निखिल दरियानी ने संदीप मंदवानी को हराया. सुमित भांगे ने शाहरूख खान के खिलाफ एकतरफ जीत दर्ज की. मिथिलेश ने मो. सफ्फान को हराया। अमित तोमर ने हर्ष बोयत को शिकस्त दी. ऋषभ पितालिया ने अनंत तिवारी को हराया। इरफान कश ने ईशान सौंदर को हराया। रितिक जैन ने मिलन सिंह को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया.